भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **1462**

दिनांक 4 मार्च , 2020 / 14 फाल्गुन, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

बिहार में 'उड़ान' योजना

1462. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अंतर्गत बिहार के किन-किन शहरों से हवाई यातायात की सुविधाा उपलब्ध कराने की योजना है;

(ख) इस योजना के तहत चयनित शहरों में हवाई यात्रा हेतु आधारभूत संरचना का निर्माण किस चरण में है; और

(ग) पटना हवाई अड्डे के विस्तार और विकास की योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (ख): क्षेत्रीय संपर्कता योजना (आरसीएस) – उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) की कार्यान्वयन एजेंसी, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने दरभंगा, बिहार से हवाई सेवाएँ आरंभ करने के लिए चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) को निम्नलिखित मार्ग/नेटवर्क अवार्ड कर दिये हैं:

1. मुंबई-दरभंगा-मुंबई
2. दिल्ली-दरभंगा-दिल्ली
3. बेंगलुरु-दरभंगा-बेंगलुरु

दरभंगा से आरसीएस प्रचालन तभी आरंभ किये जा सकते हैं जब रनवे को विमान (बी-737) प्रचालन हेतु अपेक्षित क्षमता तक सुदृढ़ बनाया जाए जैसा कि चयनित एयरलाइन प्रचालक द्वारा प्रस्तुत बोली में दर्शाया गया है। भाविप्रा ने रनवे के सुदृढीकरण और टर्मिनल भवन के निर्माण का कार्य आरंभ कर दिया है।

(ग): पटना हवाईअड्डे का विस्तार और विकास, भाविप्रा द्वारा 1216.90 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है जिसमें निम्नलिखित शामिल है:

(i) नए टर्मिनल भवन का निर्माण

(ii) बहुस्तरीय कार पार्किंग

(iii) एलेवेटेड रोड वे

(iv) नया हवाई यातायात नियंत्रण टावर और तकनीकी ब्लॉक

(v) फायर स्टेशन

(vi) कार्गो भवन

(vii) आवासीय स्थान और अन्य सहायक भवन।

(viii) आइसोलेशन बे का निर्माण, जिसके लिए राज्य सरकार से 12 एकड़ भूमि की माँग की गई है।

(ix) रनवे की क्षमता में वृद्धि करने के लिए 25 एकड़ भूमि जिसमें 19 एकड़ आईसीएआर भूमि और राज्य सरकार की 6 एकड़ भूमि शामिल है, अर्जित करके समानांतर टैक्सी ट्रैक (पीटीटी) का निर्माण।

*****